हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 31 जनवरी 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



4

एनएच 43 पर मौत के ब्लैक स्पॉट की ड्रोन से घेराबंदी




## खबर संक्षेप

### गर्ल्स कालेज में किया गया जनमन पत्रिका का वितरण



**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय स्थित राजा विजय भूषण देव कन्या महाविद्यालय में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं से संबंधित जनमन पत्रिका सहित अन्य प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। इन पत्रिकाओं के माध्यम से छात्राओं को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी मिलेगी। पत्रिका में ग्रामीणों, किसानों और बेरोजगारों को स्वावलंबी बनाने हेतु अनेक योजनाएं की जानकारी शामिल है। पत्रिकाओं के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवश्यक समसामयिक घटनाओं एवं सामान्य ज्ञान की जानकारी भी मिलती है। कन्या महाविद्यालय की छात्रों ने बताया कि पत्रिका का अध्ययन सभी छात्रों के लिए लाभदायक है।

### 4 लंबित पेंशन एवं 148 वेतन निर्धारण प्रकरणों का निदान



**जशपुरनगर।** संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन अम्बिकापुर के द्वारा विगत दिवस जिला कार्यालय कलेक्टर के मंत्रणा सभागार में जिला स्तरीय पेंशन निराकरण सह वेतन निर्धारण जांच शिविर का आयोजन किया गया था। इस दौरान शिविर में संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय से उप संचालक अनिल कुमार बारी, सहायक संचालक संजय कुमार धीवर, सहायक आंतरिक लेखापरीक्षण अधिकारी जयसिंह शाण्डिल्य, गुलाम दस्तगीर, मंगेश सोनी, लेखा सहायक सुरेश पैंकरा एवं कार्यालय सहायक सोमारू राम उपस्थित थे। जिला कोषालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर के दौरान जिले के विभिन्न आहरण एवं संवितरण अधिकारी कार्यालयों में लंबित 04 पेंशन प्रकरण एवं 148 वेतन निर्धारण जांच के प्रकरणों का त्वरित निपटान किया। इस शिविर को सफल बनाने हेतु जिला कोषालय अधिकारी चन्द्रकांत को विशेष सहयोग रहा।

### कलेक्टर ने राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने आज कलेक्टोरेट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अधिकारियों और कर्मचारियों ने दो मिनट की मौन धारण कर उन्हें नमन किया। कलेक्टर ने कहा कि महात्मा गांधी ने मातृभूमि की सेवा के लिए सर्वस्व अर्पित कर दिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### भूमिहीन दिव्यांग को दी गई मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के समक्ष जशपुर विकासखण्ड के ग्राम कोमड़ो निवासी धुनेश्वर राम मोटराईज्ड ट्राईसाईकिल प्रदान करने हेतु अर्जी लेकर उपस्थित हुए थे। उन्होंने अपनी समस्या के बारे में कलेक्टर श्री व्यास को अवगत कराते हुए बताया कि मोटराईज्ड ट्राईसाईकिल के बिना एक स्थान से दूसरे स्थान जाने में कठिनाई होती है साथ ही जीवन निर्वाह समस्या भी उत्पन्न हो गई है। उन्होंने कहा कि मैं भूमिहीन दिव्यांग व्यक्ति हूं अपना गुर्जर मोटराइज्ड ट्राई साइकिल में कुछ छोटा-मोटा व्यापार करके करता था। मेरी पूर्व की मोटराइज्ड ट्राई साइकिल जर्जर एवं खराब हो गई है जिसके कारण में अपनी भोजन की व्यवस्था नहीं कर पा रहा हूं। कलेक्टर रोहित व्यास ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल समाज कल्याण अधिकारी धर्मेन्द्र साहू को निर्देश किए कि संबंधित को सहायता हेतु तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। समाज कल्याण द्वारा ग्राम कोमडो सरपंच के माध्यम से धुनेश्वर राम से सम्पर्क कर 29 जनवरी 2026 को ही मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल दी गई। मोट्राराईज्ड ट्राईसाईकिल मिलते ही दिव्यांग के चेहरे खिल उठे, पुनः आत्मविश्वास भर गया कि अपने जीवन निर्वाह आराम से कर सकूंगा।

### सरगुजा ओलंपिकः आदिवासी अंचल की खेल प्रतिभाओं को मिल रहा नया मंच

# विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं शुरू, 3 फरवरी तक खिलाड़ी खेल प्रतिभा का करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



सरगुजा संभाग अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र होने के साथ-साथ खेल प्रतिभाओं की अपार संभावनाओं के लिए भी जाना जाता है। यहां के युवाओं में खेलों के प्रति स्वभाविक रुचि, शारीरिक क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मक जज्बा विद्यमान है। इसी क्षमता को पहचानकर उन्हें खेल की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सरगुजा ओलंपिक 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आदिवासी अंचल के युवाओं के लिए खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का एक सशक्त और सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार सरगुजा संभाग के सभी जिलों में विकासखंड स्तरीय आयोजन शुरू हो गए है। जशपुर जिले में भी 28 जनवरी 2026 से 3 फरवरी 2026 तक विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। जशपुर जिले में इसी अवधि में प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही है। इनमें जूनियर वर्ग (14 से 17 वर्ष, बालक/बालिका) तथा सीनियर वर्ग (18 वर्ष से अधिक, महिला/पुरुष) के प्रतिभागी भाग ले रहे है। सरगुजा ओलंपिक की ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया के माध्यम से जिले में 56 हजार से अधिक प्रतिभागी पंजीकृत होकर इस खेल महाकुंभ में शामिल हो रहे हैं। सरगुजा ओलंपिक 2025-26 में कुल 12 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। व्यक्तिगत खेलों में एथलेटिक्स (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, 400 मीटर रिले), तीरंदाजी (इंडियन राउंड), बैडमिंटन, कुश्ती एवं कराते शामिल हैं। वहीं दलीय खेलों में फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकशी और बास्केटबॉल के मुकाबले होंगे। इन प्रतियोगिताओं में सरगुजा संभाग के सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़ दूचिरमिरीदूभरतपुर एवं जशपुर जिलों के खेल में रुचि रखने वाले प्रतिभागी भाग ले रहे है।

#### जशपुर जिले के आठ विकासखंडों से रिकॉर्ड सहभागिता

जशपुर जिले के आठों विकासखंडों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। इनमें विकासखंड कांसाबेल से 5,324 प्रतिभागी, कुनकुरी से 10,185 प्रतिभागी, जशपुर से 6,492 प्रतिभागी, दुलदुला से 4,592 प्रतिभागी, पत्थलगांव से 12,858 प्रतिभागी, फरसाबहार से 6,397 प्रतिभागी, बागीचा से 6,764 प्रतिभागी एवं विकासखंड मनोरा से 4,336 प्रतिभागी सहित कुल 56,948 खिलाड़ी सरगुजा ओलंपिक 2025-26 में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

#### खेलों से आत्मविश्वास और पहचान

सरगुजा ओलंपिक केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि आदिवासी अंचल के युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का माध्यम है। इस आयोजन से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार होंगे।सरगुजा ओलंपिक 2025-26 जशपुर सहित पूरे संभाग के लिए खेल संस्कृति को सशक्त करने और नई प्रतिभाओं को पहचान दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल साबित होगा।

## परीक्षा अवधि में शांति सुनिश्चित करने कलेक्टर का सख्त आदेश

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी एवं शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों की पढ़ाई और परीक्षा की शांतिपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सख्त कदम उठाया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रोहित व्यास ने लोकहित में जशपुर जिले की सीमा के भीतर ध्वनि प्रदूषण और अनावश्यक कोलाहल पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 31 मार्च 2026 तक प्रभावशील रहेगा। कलेक्टर ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 की धारा 4, 5, 10 एवं 11 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह प्रतिबंध लागू किया है। कलेक्टर श्री व्यास ने आम नागरिकों, आयोजकों और संस्थाओं से अपील की है कि वे विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए आदेशों का पूर्णतः पालन करें, ताकि परीक्षा अवधि में शांत वातावरण सुनिश्चित किया जा सके और छात्र बिना किसी व्यवधान के अध्ययन एवं परीक्षा दे सकें।

**रात्रिकालीन समय में पूर्ण प्रतिबंधः** जारी आदेश के अनुसार रात्रि 09.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे तक किसी भी स्थान पर तीव्र संगीत बजाने अथवा बजवाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसी अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकर) का उपयोग भी पूरी तरह वर्जित रहेगा। इसके अतिरिक्त उक्त समयावधि में किसी भी प्रकार का कोलाहल लोकहित में प्रतिबंधित किया गया है।

**दिन के समय भी अनुमति आवश्यकः** प्रातः 06.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे के बीच भी बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र चलाने की अनुमति नहीं होगी। नियमों का उल्लंघन करने पर लाउडस्पीकर जब्त किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

**वाहनों के हार्न पर भी सख्तीः** आदेश में मोटर यानों से उत्पन्न होने वाले कोलाहल पर भी नियंत्रण लगाया गया है। कोई भी व्यक्ति ऐसा विद्युत हार्न नहीं बजाएगा जिससे पैदल चलने वाले व्यक्ति घबरा जाएं या जिससे किसी को संत्रास अथवा क्षोभ उत्पन्न हो।

**विशेष परिस्थितियों में छूट का प्रावधान :** जिन व्यक्तियों या संस्थाओं को कानून द्वारा छूट प्रदान की गई है, उन पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा। वहीं किसी विशेष प्रयोजन के लिए प्रतिबंध से छूट आवश्यक होने पर संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी से लिखित अनुमति लेनी होगी।

## शोभा सिंह कॉलेज में वार्षिकोत्सव मेधावी छात्र पवन का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव




शोभा सिंह महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। जिसमें पवन अग्रवाल ने शोभासिंह महाविद्यालय तृतीय वर्ष में सबसे ज्यादा अंक अर्जित कर पत्थलगांव यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

पवन अग्रवाल बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने अपने दशम कक्षा सीजीबीएसई परीक्षा में गणित विषय में 100 में 98 अंक अर्जित किया था। पत्थलगांव में गणित विषय की उचित शिक्षा नहीं होने के कारण उन्होंने वाणिज्य संकाय को चुना। पवन अग्रवाल अपने समस्त दायित्वों का निर्वहन करते हुए भी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। पवन मानसिक एवं शारीरिक दोनों रूप से अपने आप को दृढ़ रखते हैं। अभी पवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में नगर कार्यवाह के रूप में समाज की सेवा कर रहे हैं।

## सेंट जेवियर में खेलो और सीखो वार्षिक खेल उत्सव का समापन

**पत्थलगांव।** सेंट जेवियर्स प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बंदियाखार, में खेलो और सीखो वार्षिक खेल उत्सव का समापन हुआ।

पिछले चार दिनों से चलने वाला वार्षिक खेल उत्सव बहुत ही रोमांचक रहा। मुख्य अतिथि के सम्मान में आकर्षक स्वागत नाच प्रस्तुत किया गया। लगभग छह सौ विद्यार्थियों ने ऐरोबिक डांस प्रस्तुत किया। पूरे विद्यालय को चार दलों में विभाजित किया गया था। बुल्के, लीवंस, लोयोला और जेवियर दल। इन्हीं चार दलों के बीच ही पूरा खेल सम्पन्न हुआ। विद्यार्थियों में खूब उत्साह और जोश दिखा। सभी दौड़ प्रतियोगिता में जीतने वाले प्रतिभागी को व्यक्तिगत पदक से सम्मानित किया गया। दलीय खेल जैसे फुटबॉल, खो खो, और कबड्डी के लिए दल को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। लोयोला दल ओवर ऑल चैंपियन का ट्रॉफी अपने नाम में करने के लिए सफल रहा। अनुशासन का ट्रॉफी जेवियर दल को दिया गया। डॉ नीलम केरकेट्टा, सहा. प्रोफेसर, शा. नवीन महाविद्यालय बागबहार इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को सेहत ठीक रखने के लिए खेल को ज़रूरी बताया। छोटी उम्र से खेल के प्रति रुचि रखने से खेल में कैरियर बन सकता है। विद्यार्थियों को नशापान से दूर रहने की सलाह दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के अलावा बीटी आई की प्राचार्य कुसुम, दयाल लकड़ा, तिवारी एक्का, ब्लासियूस टोप्पो उपस्थित व अभिभावक मौजूद रहे।



## राजकुमार बने जिला भाजपा युवा मोर्चा के नए जिलाध्यक्ष



**पत्थलगांव।** जिले में युवा राजनीति को नई दिशा देते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जशपुर राजघराने से जुड़े ऊर्जावान युवा विजय आदित्य सिंह जूदेव को भाजपा युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके जिलाध्यक्ष बनने की खुशी में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार आतिशबाजी की और नारे भी लगाए। विजय आदित्य सिंह जूदेव हमेशा से ही सामाजिक कार्यों, धर्म जागरण, युवाओं के मार्गदर्शन और खेल गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों से गहरा जुड़ाव बनाए हुए हैं। इन्हीं सक्रिय पहलों ने उन्हें युवाओं के बीच एक लोकप्रिय और प्रभावशाली नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित किया है। भाजपा युवा मोर्चा के युवाओं को एक सशक्त व दूरदर्शी नेतृत्व मिला है। जशपुर में उनके जिला अध्यक्ष बनने से भाजपा युवा मोर्चा को नई ऊर्जा और नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। विजय आदित्य सिंह जूदेव ने जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री, पवन साय संगठन मंत्री, किरण सिंह प्रदेश अध्यक्ष, राहुल योगराज टिकरिहा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, भरत सिंह जिला अध्यक्ष सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ जनों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## दुर्ग में आयोजित किसान मेला में शामिल हुए जिले के कृषक




**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि से जोड़ने एवं उनकी आय में वृद्धि के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

शासन की इन योजनाओं का लाभ उठाकर कृषक पारंपरिक खेती के तरीकों से आगे बढ़ते हुए आधुनिक कृषि तकनीकों तथा उन्नत बीजों को अपना रहे हैं, जिससे उनकी उत्पादकता के साथ-साथ आय में भी निरंतर वृद्धि हो रही है। इसी क्रम में जिले के कृषकों का एक समूह उद्यानिकी विभाग के माध्यम से छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ के तत्वावधान में आयोजित किसान मेला 2026 में सहभागिता हेतु कुम्हारी, जिला दुर्ग पहुंचा। यह दो दिवसीय किसान मेला 30 एवं 31 जनवरी को आयोजित किया गया है। किसान मेला-प्रदर्शनी के दौरान कृषकों ने कृषि संगोष्ठियों, प्रदर्शनी एवं विक्रय स्टॉलों का अवलोकन किया। साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा प्रदर्शित आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत बीजों तथा कृषि आदानों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर कृषकों ने कृषि विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष संवाद कर खेती को अधिक लाभकारी बनाने से संबंधित महत्वपूर्ण तकनीकी सुझाव भी प्राप्त किए। कृषकों ने बताया कि इस प्रकार के किसान मेले उन्हें नवीन कृषि तकनीकों को अपनाने, उत्पादन क्षमता बढ़ाने तथा आय संवर्धन की दिशा में उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान मिला है , जिसका प्रत्यक्ष लाभ वे अपने खेतों में अवश्य लेंगे।

## 4 आवास मित्रों की सेवा समाप्त, 17 को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके श्रीवास एवं विकास अधिकारी धनेश टेंगवार की अध्यक्षता में सभी विकासखंड के आवास मित्रों की समीक्षा बैठक रखी गई। बैठक में वर्तमान में चल रहे प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान कार्य मे रुचि नहीं ले रहे ऐसे 4 आवास मित्रों की सेवा समाप्त की गई। 17 आवास मित्रों को बिना पूर्व सूचना के बैठक में अनुपस्थित पाए जाने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही अन्य सभी आवास मित्रों को कहा गया कि आगे आवास के जल्द निर्माण में रुचि नहीं लेने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

### किसानों के एक-एक दाने की खरीदी करना सरकार की जिम्मेदारी


## मनरेगा कानून व धान खरीदी को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना, चक्काजाम



**पत्थलगांव।** मनरेगा कानून को रद्द करने तथा धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस की अगुवाई में पाकरगांव में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लगभग चार घंटे तक धरना दिया और सड़क पर उतरकर बिना यातायात प्रभावित किए कुछ समय के लिए सांकेतिक चक्का जाम भी किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान, मजदूर और पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए।

धरना स्थल पर पूर्व विधायक रामपुकार सिंह ने कहा कि कांग्रेस किसानों और श्रमिकों के अधिकारों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा का नाम बदलने की कोशिश एक सोची-समझी साजिश है, जिससे गरीबों और मजदूरों के हक कमजोर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसान लगातार प्रताड़ना झेल रहे हैं और उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री आरती सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि किसानों के एक-एक दाने की खरीदी करना सरकार की जिम्मेदारी है और यह जिम्मेदारी निभानी ही होगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मनरेगा का नाम परिवर्तन किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कांग्रेस इसके खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। कार्यक्रम को पवन अग्रवाल, कुलविंदर सिंह भाटिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, हंसराज अग्रवाल तथा नंदलाल यादव ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार पर किसान विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील की। प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने भी मंच संचालन के दौरान नारेबाजी कर सरकार के खिलाफ रोष जताया। कार्यक्रम का समापन शांतिपूर्ण ढंग से हुआ, लेकिन कार्यकर्ताओं में सरकार के प्रति नाराजगी साफ तौर पर देखने को मिली। धरना-प्रदर्शन में राजेंद्र अग्रवाल, माधव शर्मा, यदु बेहरा, मोहनीश साहू, शैलेश शर्मा, रोहित यादव, रमेश यादव, रमेश तिवारी, पार्षद संजय तिवारी, अशोक गुप्ता, जनार्दन पंकज, रोसू फोटवानी, धनमति प्रधान, अंकित शर्मा, निशामुद्दीन खान, किशोर यादव, मीना यादव, अनिता खाखा, अजिताभ कुजूर, अरविंद तिग्गा, तिरपन एक्का, लीलाधर यादव, सोन साय, सुरेंद्र तिर्की, आनंद नाग, ध्रुप गुप्ता, मनोज अग्रवाल, रविशंकर खूंटियां, छत्रोमोहन यादव, पूनम अंबष्ट, परमेंद्र चौहान, खीरों यादव, धनेश्वर यादव, दीवान साय, टिकेश्वर यादव सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जशपुर में कांग्रेस का धरना सांकेतिक चक्काजाम




**जशपुरनगर।** मनरेगा कानून में प्रस्तावित बदलाव और धान खरीदी की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर जिले में शुक्रवार को जोरदार राजनीतिक हलचल देखने को मिली। कांग्रेस के नेतृत्व में जिला मुख्यालय, मनोरा और पंडरापाठ में व्यापक धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। चार घंटे तक चले आंदोलन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सड़क पर उतरकर सांकेतिक चक्का जाम कर विरोध दर्ज कराया। हालांकि प्रशासनिक सतर्कता के चलते यातायात को पूरी तरह बाधित नहीं होने दिया गया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक विनय भगत ने कहा कि किसान और श्रमिक वर्ग पहले से आर्थिक दबाव में है, ऐसे समय में नीतिगत बदलाव उनके लिए नई परेशानी खड़ी कर रहे हैं। आंदोलन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों ने किया। प्रदर्शन के अंत में प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपकर धान खरीदी की अंतिम तिथि बढ़ाने, मनरेगा की पूर्व व्यवस्था बहाल करने और नियमों में किए गए बदलाव वापस लेने की मांग दोहराई गई। जशपुर ब्लॉक में ब्लाक अध्यक्ष ग्रामीण अमित महतो, मनोरा में ब्लॉक अध्यक्ष संजीव भगत एवं सन्ना में ब्लॉक अध्यक्ष देवकृपा यादव के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया।

## खबर संक्षेप



### शिव शक्ति रुद्र महायज्ञ का किया गया भूमि पूजन

**केदमा।** विकासखंड उदयपुर अंतर्गत आने वाले पुरातात्विक एवं धार्मिक स्थल भगवान शिव की नगरी महेशपुर में शिव शक्ति रुद्रा महायज्ञ का आयोजन 13 फरवरी से किया जाएगा। आज बुधवार को भूमि पूजन कर यज्ञ स्थल में झंडा गाड़ा गया। आगामी बैठक शुक्रवार को किया जाएगा जिसमें आगामी कार्यक्रम के रूपरेखा तय की जाएगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि यज्ञ विशाल रूप में किया जाएगा साथ ही भागवत कथा का आयोजन भी होगा और अनवरत भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। स्वामी वेद प्रकाश आचार्य ने आस पास के क्षेत्र के भक्तों से एकत्रित होकर यज्ञ की रूपरेखा तय करने की बात कही। इस दौरान शुभम सिंह भदौरिया, बृजेश चतुर्वेदी, कामेश्वर राम, राजकुमार सिंह, आमोद तिवारी, रामाधार साहू, विनय साहू, विद्यानंद यादव, राजा दास, दिनेश कुमार, सहित ग्रामीण उपस्थित रहे

### नपं में एसआईआर कैटेगरी सी अंतर्गत मतदाताओं के नाम विलोपन प्रक्रिया को लेकर हुई बैठक



**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर में एसआईआर कैटेगरी सी अंतर्गत चिन्हित 87 मतदाताओं के नाम विलोपन संबंधी प्रक्रिया को लेकर एक बैठक आयोजित की गई,उक्त बैठक मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुशील कुमार तिवारी एवं बीएलओ की उपस्थिति में संपन्न हुई,बैठक में सभी राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट बीएलए उपस्थित रहे,इस दौरान विलोपन हेतु प्रस्तावित सभी 87 मतदाताओं के नामों का वाचन किया गया,जिस पर उपस्थित सभी प्रतिनिधियों द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

### पेंडरखी गांव में जुआ खेल रहे 7 ग्रामीण पकड़ाए, छत्तीस हजार रुपए जब्त

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पेंडरखी पखनाडोली दोहर खेत में हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे सात जुआरियों को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है, पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 36,500 रुपए नगद तथा ताशपपत्ती जब्त की है,पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पखनाडोली दोहर खेत में कुछ लोग अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं,सूचना मिलते ही जयनगर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर चारों ओर से घेराबंदी कर सभी आरोपियों को पकड़ लिया,अचानक हुई पुलिस कार्रवाई से जुआरियों में अफरा-तफरी मच गई,पुलिस ने यहां पर सात जुआरी क्रमशः ग्राम पेंडरखी निवासी 27 वर्षीय लीलाधर पिता कमलेश्वर,डेडरी निवासी 30 वर्षीय कुसुम राजवाड़े पिता जीत राम,कुरुवां निवासी 38 वर्षीय राकेश दुबे पिता विशाल दुबे,हर्राटिकरा निवासी 40 वर्षीय राजू प्रसाद पिता सीताराम,पोड़ी निवासी 40 वर्षीय गोपाल दास पिता स्व. गौटू राम,सपकरा निवासी 34 वर्षीय रामदेव पिता किशुन तथा हीरालाल सिंह पिता किशुन राम को गिरफ्तार किया है,ज्ञात हो कि उक्त क्षेत्र में लंबे समय से अवैध जुआ खेले जाने की शिकायतें मिल रही थीं,मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है,उक्त कार्रवाई में जयनगर थाना प्रभारी निरीक्षक रूपेश कुंतल एक्का,उपनिरीक्षक सोहन सिंह,प्रधान आरक्षक संजय सिंह राजपूत,आरक्षक दीपक दुबे,सुरेश साहू सहित अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रहे।

### घर से नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहा युवक गिरफ्तार, गया जेल



**अम्बिकापुर।** घर से नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहे युवक को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया। टीम ने युवक के पास से 20 नग जब्त कर एनडीपीएस के तहत अपराध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि घुटरापारा निवासी नरेश गुप्ता अपने घर से नशीला इंजेक्शन बेच रहा है। सूचना पर तत्काल सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने टीम के साथ नरेश गुप्ता के घर दबिश दी। घर पहुंचते ही नरेश गुप्ता भागने का प्रयास किया परंतु उसे पकड़ लिया। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने उसके पास रखे झोले की तलाशी ली तो 20 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक कुमारु राम, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं नीरज चौहान सक्रिय रहे।

## दिल्ली, बनारस, रांची मार्ग पर फ्लाइट चलाने का प्रस्ताव

# अम्बिकापुर को हवाई सेवा से जोड़ने एयरपोर्ट के अधिकारियों ने शुरू की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

क्षेत्रीय विमानन कंपनी द्वारा उड़ान सेवा बंद करने के बाद पिछले 8 महीनों से दरिमा स्थित महामाया एयरपोर्ट सूना पड़ा है। कहने के लिए क्षेत्रीय विमानन कंपनी स्टार हब ने फ्लाई बिग के रूट पर उड़ान सेवा प्रारंभ करने की जिम्मेदारी ले ली है लेकिन लाइसेंसिंग की प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण हवाई सेवा शुरू होने को लेकर अभी भी ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है।

**खास बात**

- अम्बिकापुर-रायपुर मार्ग पर समय को लेकर नहीं बन रही सहमति

शासन द्वारा 19 दिसम्बर को बड़ी उपलब्धि के रूप में अम्बिकापुर से बिलासपुर एवं रायपुर के लिए हवाई सेवा की शुरूआत की गई थी। क्षेत्रीय विमानन कंपनी फ्लाई बिग द्वारा बिलासपुर एवं रायपुर के लिए उड़ान सेवा प्रारंभ की गई थी। शुरूआत में हवाई सफर के आकर्षण में लोगों ने उत्साहपूर्वक हवाई जहाज का सफर किया लेकिन मनमानी संचालन व शाम में फ्लाइट का संचालन होने के कारण लोगों का हवाई सफर से मोहभंग होने लगा। फ्लाई बिग द्वारा बिना अग्रिम सूचना के बीच-बीच में फ्लाइट का संचालन बंद करने से लोगों का हवाई सफर के प्रति रूझान खत्म होने लगा। फ्लाई बिग शासन से मिल रही आर्थिक मदद से जैसे-तैसे मई 2025 तक फ्लाइट का संचालन किया। जून महीने में बारिश के कारण दृश्यता कम होने का हवाला देकर उड़ान सेवा को बंद कर दिया। दोबारा अक्टूबर के महीने में फिर से हवाई सफर की शुरूआत की गई लेकिन पांच दिन तक फ्लाइट चलाने के बाद संचालन बंद कर दिया गया। इसके बाद से दरिमा हवाई पट्टी से हवाई सफर बंद है। एयरपोर्ट प्रबंधन अब बीच-बीच में आने वाले शासकीय एवं अशासकीय विमानों को सेवा देने तक सिमट गया है। इस बीच एयरपोर्ट प्रबंधन ने फ्लाई बिग से हवाई सफर फिर से प्रारंभ करने की पहल भी की लेकिन फ्लाई बिग ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। बताया जा रहा है कि फ्लाईबिग के रूट पर हवाई जहाज चलाने के संबंध में क्षेत्रीय विमानन कंपनी स्टार हब ने करार किया है लेकिन अभी तक कंपनी डीजीसीए से लाइसेंस लेने की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाई है। इस प्रक्रिया में 2 महीने का समय लगने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में मार्च के पूर्व सरगुजा वासियों को हवाई सफर की सुविधा मिलने की संभावना नहीं है। समय पर लाइसेंसिंग प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर उड़ान सेवा शुरू होने में लम्बा समय भी लग सकता है।



फाइल फोटो

### अन्य मार्गों के लिए चर्चा

इधर बनारस, रांची, दिल्ली आदि मार्गों पर सफर करने वाले लोगों की संख्या एवं स्थानीय जरूरतों को देखते हुए मां महामाया एयरपोर्ट प्रबंधन भारत सरकार की एकमात्र क्षेत्रीय विमानन कंपनी एलाइंस एयर से विभिन्न मार्गों पर हवाई सेवा प्रारंभ करने के संबंध में चर्चा कर रही है। एलाइंस एयर जगदलपुर तक फ्लाइट चला रही है। एयरपोर्ट के अधिकारी ने सुबह अम्बिकापुर से रायपुर एवं रायपुर से जगदलपुर तक फ्लाइट चलाने एवं शाम में वापसी की शर्त रखी है जिस पर सहमति नहीं बन पा रही है। अधिकारियों का कहना है अन्य समय पर फ्लाइट चलने से क्षेत्रवासियों को इसका लाभ नहीं मिलेगा। एलाइंस एयर सुबह अम्बिकापुर से रायपुर के लिए फ्लाइट चलाने के संबंध में अभी सहमति नहीं दी है। संचालन समय के संबंध में सहमति बनाने की कोशिशें अभी भी चल रही है।

### ये मार्ग हैं प्रस्तावित

अधिकारियों ने एलाइंस एयर को अम्बिकापुर-जगदलपुर-दिल्ली, अम्बिकापुर-बिलासपुर-दिल्ली, दिल्ली-वाराणसी-रायपुर, वाराणसी-अम्बिकापुर-रायपुर, रांची-अम्बिकापुर-रायपुर मार्ग में से किसी भी तीन रूट पर फ्लाइट चलाने का प्रस्ताव दिया है। बड़ी संख्या में सरगुजावासी हर दिन दिल्ली, वाराणसी, रांची एवं रायपुर तक सफर करते हैं। इन स्थानों के लिए दरिमा से हवाई सेवा प्रारंभ होने पर क्षेत्रवासियों को आवागमन में काफी सुविधा होगी वहीं विमानन कंपनी की कमाई बढ़ेगी।

### चल रही चर्चा

एलाइंस एयर को विभिन्न तीन मार्गों पर हवाई जहाज चलाने का प्रस्ताव दिया गया है। अम्बिकापुर-रायपुर मार्ग पर फ्लाइट चलाने के समय को लेकर सहमति नहीं बनी है। अम्बिकापुर से रायपुर के लिए सुबह फ्लाइट चलाने एवं शाम में वापसी का प्रस्ताव दिया गया है। इस संबंध में लगातार चर्चा चल रही है।

-सुशील श्रीवास्तव
डायरेक्टर, महामाया एयरपोर्ट, दरिमा



## संयुक्त शिक्षक संघ की हुई बैठक, बनाई गई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

जिले में संयुक्त शिक्षक संघ की बैठक ओड़गी के पर्यटन स्थल बाँक में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में संघ जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी के नेतृत्व में शिक्षक हित संवर्धन के लिए शपथ ग्रहण कर नए सत्र में व्यापक कार्ययोजना की रणनीति बनाई गई।

संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मो.महमूद, प्रमोद पाठक ने बताया कि जिला के बाँक में हुई इस बैठक में संघ की प्रांतीय उपाध्यक्ष माया सिंह, प्रांतीय महासचिव शहादत अली व प्रांतीय संगठन मंत्री राकेश शुक्ला के मार्गदर्शन में संगठन को मजबूती प्रदान करने,नियमित बैठक करने व शिक्षकों की समस्याओं के संबंध में सर्वसम्मति से संघ की आगामी रणनीति तय की गई। जिला स्तर पर सहायक शिक्षकों व शिक्षकों की पदोन्नति, प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति पर हो रहे विलंब, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना, पंचायत अवधि की लंबित एरियर्स भुगतान और एनपीएस की राशि के सम्पूर्ण निर्धारण की कार्ययोजना बनाई गई। संघ जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी ने बताया कि संगठन को मजबूत व पदाधिकारियों,सदस्यों में ऊर्जा संचार के उद्देश्य से बाँक में जिला स्तरीय बैठक आयोजित किया गया था।

ब्लॉक महासचिव ऋषि कुमार पांडेय ने बताया कि हमारे ब्लॉक में इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित होने से हम सब उत्साहित व गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं, निश्चित ही इस प्रकार के कार्यक्रमों से ऊर्जा में वृद्धि होती है। ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कार्यक्रम से उत्साहित होकर आगामी बैठक प्रतापपुर में आयोजित करने का आग्रह किया। अतिथि के तौर पर पहुंचे कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के महासचिव इकबाल अंसारी, राजू यादव ने सभी को अपने साथियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट रहने का संदेश दिया। माया सिंह, शहादत अली,राकेश शुक्ल,भूपत सिंह, प्रतिमा सिंह ने सभी को संगठन व शिक्षक हित में कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन गिरवर यादव व आभार प्रदर्शन मनोहर गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान कुलदीप सिंह, राधेश्याम साहू, श्रीमती नुशा,श्रीमती हीरामनि, भुवनेश्वर सिंह, बृजेश भनी, मनोज कुशवाहा, सतीश साहू, प्रदीप सिंह, धर्मपाल सिंह, प्रदीप त्रिपाठी, भास्कर सिंह, दिल मोहम्मद अंसारी, मो.शमीम, मोती लाल, विवेक, टहल राम, श्रीमती इंदुमती सोनवानी, श्रीमती जीवन्ती एक्का, श्रीमती ललमेन टोप्पो, प्रतिभा गुप्ता, रामकुमारी सिदार, अनुपमा त्रिपाठी, सोमा घोष,कल्पना बारी,आरती श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सुम्बुल फातिमा ने जीता टॉप मेकअप आर्टिस्ट प्रतियोगिता में प्रथम रनर-अप खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



फ़ैशन अफिनिटी द्वारा आयोजित टॉप मेकअप आर्टिस्ट कॉन्टेस्ट सीज़न 13 के ग्रैंड फिनाले में सूरजपुर की सुम्बुल फातिमा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम रनर-अप का खिताब अपने नाम किया। साथ ही उन्हें प्रतियोगिता में उभरते हुए सबसे शानदार प्रतिभा के रूप में बेस्ट राइजिंग मेकअप आर्टिस्ट के विशेष पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

अम्बिकापुर के होटल में आयोजित प्रतियोगिता में संभाग के कई जिलों से चयनित मेकअप कलाकारों ने हिस्सा लिया। सुम्बुल फातिमा ने अपनी कलात्मक दक्षता, रंगों की समझ और तकनीकी निपुणता से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। जिला स्तरीय उपलब्धि के बाद सुम्बुल फातिमा का चयन फ़ैशन अफिनिटी के राज्य स्तरीय टॉप मेकअप आर्टिस्ट ग्रैंड फिनाले के लिए हुआ है। प्रतियोगिता अप्रैल-मई में राजधानी रायपुर में आयोजित की जाएगी, जहां वह पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में जिले और सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## कुम्दा बस्ती में करंट लगने से वृद्ध ग्रामीण की मौत, कुरवां गांव में बुजुर्ग बेवा ने लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के दो अलग अलग मामलों में 85 वर्षीय वृद्ध की विद्युत करेंट लगने से मौत हो गई जबकि एक अन्य मामले में बेवा महिला ने मानसिक परेशानी के कारण फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है,बिश्रामपुर पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम किया है,बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम कुमदा बस्ती गोटिया पारा निवासी मृतक लालसाय राजवाड़े पिता सहोरन 85 वर्ष गुरुवार दोपहर घर के समीप बाड़ी स्थित कुएं में लगे मोटर पंप से सब्जी भाजी में पानी पटा रहा था,पानी पटाने के बाद मोटर बंद करने वह तार को अलग कर रहा था, तभी तरंगित तार के संपर्क में आ गया,करेंट लगने से चिल्लाने की आवाज से परिजन जब मौके पर पहुंचे और उसको करँट प्रवाहित तार से अलग कर अचेत अवस्था में बिश्रामपुर अस्पताल लेकर आए,जांच में चिकित्सक द्वारा मृत्यु हो जाना बताया, जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस में दर्ज कराकर शव के पंचनामा की कार्यवाही पूरी कराई है।एक अन्य मामले में ग्राम कुरवां निवासी 70 वर्षीय बेवा महिला फुलेश्वरी पति कुंवर प्रशाद घर के लकड़ी के कंडी में साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,पुलिस ने बताया कि मृतिका निः संतान थी,2018 में पति के मौत के बाद वह कुरुवां अपने मायके में रहती थी,कल अचानक उसने खुदकुशी कर ली। सूचना पर दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## ओबीसी, एससी–एसटी एवं माइनॉरिटी विभागों की भागीदारी से मिलेगी मजबूती



**अंबिकापुर।** कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग विभाग के नेशनल को-ऑर्डिनेटर लक्ष्मी गुप्ता ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी निर्णय लेते हुए सामाजिक न्याय से जुड़े चारों प्रकोष्ठों ओबीसी, एससी, एसटी एवं माइनॉरिटी विभाग को सीधे तौर पर चुनावी प्रक्रिया में सहभागी बनाने का बड़ा कदम उठाया है।

कांग्रेस नेताव राहुल गांधी के निवास पर आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव रखा गया कि देश के प्रत्येक राज्य की कांग्रेस इलेक्शन कमिटी में इन चारों विभागों के राज्य अध्यक्षों को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया जाए, ताकि सामाजिक प्रतिनिधित्व और जमीनी आवाज़ को चुनावी रणनीति में समुचित स्थान मिल सके। राहुल गांधी ने इस प्रस्ताव को तत्काल हरी झंडी देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को तुरंत नोटिफिकेशन जारी करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में चारों विभागों के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं के राजू तथा चारों विभागों के राष्ट्रीय समन्वयकों की एक विस्तृत और गंभीर जुम बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी ने अपने-अपने सुझाव, अनुभव और संगठनात्मक दृष्टिकोण साझा किए। इस महत्वपूर्ण बैठक में मैं स्वयं भी उपस्थित रहा और जमीनी स्तर की अपेक्षाओं को मजबूती से रखा गया। यह निर्णय न केवल संगठन को मजबूती देगा, बल्कि दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यक समाज की भागीदारी को निर्णायक भूमिका में स्थापित करेगा।

## बसदेई स्कूल में हम होंगे कामयाब जागरूकता कार्यक्रम



**सूरजपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसदई में जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ तथा एग्रीकॉन फाउंडेशन के संयुक्त तात्वाधान में हम होंगे कामयाब अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान होने वाले मानसिक दबाव से बचने, आत्मविश्वास बढ़ाने एवं सकारात्मक सोच विकसित करने हेतु हम होंगे कामयाब अभियान की गतिविधियों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही विद्यार्थियों को किशोर सशक्तिकरण, घरेलू हिंसा से बचाव, पढ़ाई का कोना, गुड टच - बैड टच के माध्यम से बच्चों की सुरक्षा, साइबर सुरक्षा तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां दी गई। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाते हुए सुरक्षित, जागरूक एवं आत्मनिर्भर नागरिक के रूप में विकसित करना रहा।

## विधायक उद्धेश्वरी पैकरा पहली बार पहुंची टाटी झरिया, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**कुसमी।** सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत टाटीझरिया के सुदूर अंचल मईल पारा में पहुंची। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत होकर निराकरण करने का आश्वासन दिया। मईल पारा के ग्रामीणों ने विधायक को अपने बीच पाकर खुश नजर आए। ग्रामीणों ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार विधायक हम लोगों के बीच पहुंच कर हम लोगों का हाल चाल पूछने तथा समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने विधायक उद्धेश्वरी पैकरा द्वारा भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान सड़क, पेयजल, बच्चों के पढ़ाई हेतु विद्यालय सहित अन्य प्रकार के मूलभूत सुविधाओं की मांग की। जिस पर विधायक ने जल्द से जल्द निराकरण कराने की बात कही। इसके अलावा आज विधायक उद्धेश्वर पैकरा ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत करकली, सेमराताला, ग्राम पंचायत मोती नगर सहित डांड टोली में ग्रामीणों से भेंट मुलाकात की। साथ ही ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिपं अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जनपद अध्यक्ष बसंती भगत, जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी, लक्ष्मण सिंह पैकरा, उमेश्वर ओझा, राकेश भारती, राजेश्वर यादव, दुर्गेश गुप्ता, रमेश गुप्ता, नितेश गुप्ता, बालों बाई, भगवती बाई, अशोक गुप्ता के अलावा ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन पर सम्मेलन



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ विकासखंड में विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन अंतर्गत विकासखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन जनपद भवन में किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राहियों को केंद्र व राज्य शासन की विभिन्न रोजगारपरक एवं आजीविका से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना रहा। सम्मेलन में ग्रामीणों को स्वरोजगार, कौशल विकास, समूह आधारित गतिविधियों तथा स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन एवं उद्यमिता विकास के लिए प्रोत्साहित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि कर उन्हें स्थायी आजीविका से जोड़ना है। इस दौरान सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, जिपं अध्यक्ष हीरामुनी निकुंज, जिपं सदस्य गीता पैकरा, जनपद अध्यक्ष चिंतामणि भगत, जनपद उपाध्यक्ष प्रियंबदा सिंहदेव, मुकेश कश्यप, पूजा कश्यप, तिलासाय आदि शामिल रहे।

## फॉर्म 7 के फर्जी उपयोग से मतदाता सूची से नाम कटवाने का आरोप, कलेक्टर से शिकायत



**लखनपुर।** लखनपुर अंतर्गत पंचायत मांजा, पारा राजाकटेल के ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा तथा एसआरआई फॉर्म संख्या 7 के फर्जी उपयोग द्वारा मतदाता सूची से नाम कटवाने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों ने बताया कि बिना किसी सूचना, सहमति अथवा जानकारी के उनके नामों का दुरुपयोग करते हुए फर्जी हस्ताक्षरों के माध्यम से फॉर्म नंबर 7 भरकर निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष जमा किए जा रहे हैं, जिससे उनका संवैधानिक मताधिकार समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। रज़ा यूनिटी फाउंडेशन के प्रमुख एवं सामाजिक कार्यकर्ता शादाब आलम रज़वी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए और फॉर्म नंबर 7 के फर्जी उपयोग और जाली हस्ताक्षरों में संलिप्त सभी दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### जांच के लिए गांव पहुंचे अधिकारी



एसआईआर के फॉर्म 7 के फर्जी उपयोग से मतदाता सूची से नाम कटवाने की साजिश ग्राम वासियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन था। शिकायत के बाद आज लखनपुर तहसीलदार अंकित पटेल राजस्व टीम के साथ जांच कर पंचनामा बनाया गया वहीं नाम काटने वाले शिकायतकर्ता नदारद रहे। जांच के दौरान 2003 की सूची में ग्रामवासी के नाम भी पाया गया। तहसीलदार द्वारा नाम काटने के फॉर्म भरने वाले के ऊपर कार्रवाई करने के आश्वासन दिया है।

## यूजीसी द्वारा जारी आध्यादेश के विरोध में सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने की बैठक


हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी आध्यादेश से सवर्ण समाज आक्रोशित है। अध्यादेश के विरोध में गुरूवार को सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने अग्रसेन भवन में बैठक कर सर्व सम्मति से अध्यादेश के विरोध में आंदोलन करने की योजना बनाई। बैठक में ब्राह्मण समाज, क्षत्रिय समाज, अग्रवाल समाज, कायस्थ समाज, सिख समाज एवं सिंधी समाज के प्रतिनिधियों ने भागीदारी की तथा अपना विचार व्यक्त किया।

बैठक में दण्डकारण्य ब्राह्मण समाज के संभाग अध्यक्ष आईबी तिवारी ने अध्यादेश को सवर्ण समाज, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के भविष्य को बाधित करने का अस्त्र बताया। उन्होंने कहा कि इस अध्यादेश में सवर्ण समाज को अपराधी के रूप में प्रस्तुत किया गया है तथा गलत शिकायत करने वाले को सजा देने का प्रावधान नहीं किया गया है। फिलहाल अध्यादेश के क्रियान्वयन पर उच्चतम न्यायालय द्वारा रोक लगाई गई है लेकिन यह लागू नहीं होगा ऐसा नहीं मानना चाहिए। अब जरूरत है कि आप पूरी एकता के साथ सरकार तक अपना विरोध दर्ज कराएं। क्षत्रिय समाज के अतुल सिंह ने कहा कि भाजपा यह भूल गई है कि सवर्ण समाज ने ही उसे गद्दी तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते रहा है। एक तरफ भाजपा बटोगे तो कटोगे का संदेश देती है और दूसरी ओर स्वयं समाज को बांटने एवं काटने का काम कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री के कथनी और करनी में अंतर होने तथा इसका परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी।

बैठक को शिवेश सिंह सहित अन्य प्रतिनिधियों ने संबोधित किया। चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से विरोध प्रदर्शन के लिए सवर्ण समाज सहित अन्य सभी समाजों का संयोजक नियुक्त करने एवं 1 फरवरी को अध्यादेश के विरोध में राम मंदिर से मौन रैली निकालकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने एवं एक घंटा का शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।



# जॉन का बदला हुलिया देख फैंस बोले- क्या लगते थे, क्या हो गए

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की पर्सनैलिटी के दीवाने उनके लाखों फैंस हैं। 'धूम' और 'फोर्स' जैसी फिल्मों में लोगों ने न सिर्फ उनके अभिनय को सराहा, बल्कि उनके लुक्स की तारीफें भी हुई हैं। हालांकि सोशल मीडिया पर उनकी एक तस्वीर सामने आई है जिसने फैंस को चौंका दिया। क्लीन-शेव लुक में जॉन बिल्कुल बदले अंदाज में दिखाई दे रहे हैं, ऐसा उनके चाहने वालों का कहना है। कुछ लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं, तो वहीं कुछ उनका समर्थन करते दिखे। तस्वीर में जॉन अपनी टीम के साथियों संग पोज दे रहे हैं। उन्होंने ऑल ब्लैक लुक अपनाया है जिसमें उनके क्लीन-शेव लुक ने लोगों का ध्यान खींच लिया। एक यूजर ने लिखा, 'क्या गलते थे, और क्या हो गए।'

लाइफ Style

# दीपिका

## एटली के लिए हैं 'लकी चार्म', नई फिल्म से जुड़ीं

जानेमाने निर्देशक एटली ने अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को अपना 'लकी चार्म' बताया है। एटली की अपकमिंग फिल्म, जिसे फिलहाल एए22Xए6 नाम दिया गया है, अपने ऑफिशियल ऐलान के बाद से ही जबरदस्त चर्चा में बनी हुई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जैसे ही एक दमदार अनाउंसमेंट एसेट के जरिए दीपिका पादुकोण के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने की खबर सामने आई, फिल्म को लेकर बातचीत और भी तेज हो गई। एटली की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म बताई जा रही इस प्रोजेक्ट में अल्लू अर्जुन भी नजर आएंगे। जवान जैसी बड़ी ब्लॉकबस्टर देने वाले डायरेक्टर एटली एक बार फिर दीपिका पादुकोण के साथ काम कर रहे हैं, जो दोनों की दूसरी फिल्म होगी। एक एक्सक्लूसिव बातचीत में एटली ने इस प्रोजेक्ट पर खुलकर बात की और दीपिका की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें अपनी "लकी चार्म" बताया। इस खुलासे के साथ ही सोशल मीडिया पर हलचल मच गई और एए22Xए6 हाल के समय की सबसे ज्यादा चर्चित फिल्मों में शामिल हो गई। जिससे फिल्म का स्केल और दर्शकों की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। एटली ने इशारा किया है कि इस फिल्म में दर्शक दीपिका पादुकोण का एक बिल्कुल नया रूप देखेंगे। डायरेक्टर ने बताया कि एए22Xए6, मां बनने के बाद दीपिका की पहली फिल्म होगी, जिससे यह कोलैबोरेशन और भी खास बन जाता है। दीपिका पादुकोण के पास इस साल एक और बड़ा प्रोजेक्ट भी लाइनअप में है।



हॉलीवुड मसाला



## ताज महल डायमंड सबसे ऐतिहासिक रत्नों में से एक

**लॉस एंजिल्स।** मार्गोट रॉबी अपनी नई फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ जैकब एलोर्डी हैं। रेड कार्पेट पर उनकी हालिया उपस्थिति बहुत यादगार रही। इस दौरान मार्गोट रॉबी ने 'ताज महल हीरा' पहना हुआ था, जो अब तक के सबसे ऐतिहासिक रत्नों में से एक है। 28 जनवरी को लॉस एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के विश्व प्रीमियर में, मार्गोट ने शियापरेली का खूबसूरत गाउन पहना, जिसने सबका ध्यान खींचा। लेकिन गाउन से ज्यादा चर्चा उनके 'ताज महल डायमंड' नेकलेस की हुई।



## ग्रैमी पुरस्कार-2026 में चलेगा आवाज का जादू

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार जस्टिन बीबर लंबे समय के बाद मंच पर वापसी करने जा रहे हैं। इस खबर ने आते ही उनके फैंस को उत्साहित कर दिया है। साल 2022 में, ब्राजील के 'रॉक इन रियो' फेस्टिवल के बाद से वह सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूरी बनाए हुए थे। खबरों के मुताबिक, लंबे समय के बाद गायक को प्रतिष्ठित ग्रैमी पुरस्कार 2026 में परफॉर्म करते हुए देखा जा सकता है। उन्हें मंच पर दोबारा देखने के लिए उनके चाहने वाले बेताब हैं। द हॉलीवुड रिपोर्टर की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिन को ग्रैमी पुरस्कार 2026 के लिए 4 नामांकन मिले हैं। एल्बम ऑफ द ईयर कैटेगरी के अंतर्गत पहला नामांकन एल्बम 'स्वैग' के लिए मिला, जो 2021 के 'जस्टिस' के बाद उनका पहला स्टूडियो एल्बम है। हालांकि 'स्वैग' गायक का 7वां स्टूडियो एल्बम है जो जुलाई, 2025 में रिलीज हुआ।



## 'एक्सपायरी डेट' मिलने पर खुलकर बोलीं

**मुंबई।** 'जस्सी जैसी कोई नहीं' टीवी शो से लोकप्रिय हुईं मोना सिंह इन दिनों धड़ाधड़ फिल्में और सीरीज कर रही हैं। हाल ही में उन्हें 'बॉर्डर 2' और 'हैप्पी पटेल' जैसी फिल्मों में देखा गया। अब उनकी सीरीज 'कोहरा 2' नेटफ्लिक्स पर आने के लिए तैयार है। प्रमोशन के दौरान 40 वर्षीय मोना ने पर्दे पर 50 और 60 साल की उम्र के किरदार पर बात की। साथ ही सिनेमा जगत में महिलाओं को 'एक्सपायरी डेट' दिए जाने पर प्रतिक्रिया दी। एक बातचीत में अभिनेत्री बोलीं, मुझे पर्दे पर अपनी उम्र की परवाह नहीं। सच में नहीं, क्योंकि मैं बहुत आत्मविश्वासी हूं और मैं जानती हूं कि मैं कौन हूं। मुझे कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है, इसीलिए मैं जोखिम लेती रहती हूं। लोग हमेशा मुझसे पूछते हैं, 'आप पर्दे पर इतनी उम्रदराज क्यों दिखती हैं?'



## फरहान ने 'डॉन-3' को डाला ठंडे बस्ते में

**मुंबई।** फरहान अख्तर की 'डॉन 3' का इंतजार लंबे समय से किया जा रहा है। रणवीर सिंह के अचानक पीछे हटने के बाद फिल्म फिर ठंडे बस्ते में जाती दिख रही है। बीच में खबर थी कि फिल्म के लिए ऋतिक रोशन और शाहरुख खान से बातचीत चल रही है, लेकिन अब चर्चा है कि फरहान इससे ध्यान हटाकर अपनी दूसरी परियोजना पर काम शुरू करना चाहते हैं। वह अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जी ले जरा' पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, फरहान को लगता है कि 'डॉन 3' की कास्टिंग होना जरूरी है, लेकिन वह आश्वत होना चाहते हैं कि इस भूमिका को कौन निभाएगा। यह एक लंबी प्रक्रिया होगी। रिपोर्ट में बताया गया है कि अभिनेता फिलहाल अपने ड्रीम प्रोजेक्ट 'जी ले जरा' को पटरी पर लाना चाहते हैं।

टीवी मसाला



## स्टार प्लस पर नए शो 'मिस्टर एंड मिसेज परशुराम' की घोषणा

**मुंबई।** स्टार प्लस के नये शो 'मिस्टर एंड मिसेज परशुराम' का प्रीमियर तीन फरवरी को रात 8:30 बजे पर होने जा रहा है। स्टार प्लस अपने प्राइम टाइम फिक्शन स्लॉट में एक नया शो जोड़ने जा रहा है। 'मिस्टर एंड मिसेज परशुराम' एक फैमिली ड्रामा है, जिसमें सस्पेंस और थ्रिल का जबरदस्त ट्विस्ट देखने को मिलेगा। चैनल ने इसका नया प्रोमो रिलीज़ किया है, जो दिखाता है कि बाहर से बिल्कुल आम लगने वाली पति-पत्नी की ज़िंदगी के पीछे एक बड़ा राज छुपा हुआ है। रोज़मर्रा की बातें, रिश्तों की उलझनें और साथ ही एक सीक्रेट लाइफ, यही इस शो को खास बनाती है और दर्शकों को कुछ नया देखने का एक्साइटमेंट देती है। नील भट्ट और शांभवी सिंह की लीड जोड़ी वाला 'मिस्टर एंड मिसेज परशुराम' दर्शकों को शिवप्रसाद और शालिनी से मिलवाता है, जो अपने दो बच्चों एक बेटी और एक बेटे के साथ एक आम-सी ज़िंदगी जीते नज़र आते हैं। बाहर की दुनिया के लिए शिवप्रसाद एक सादा, ज़मीन से जुड़ा इंसान है, जो अपने परिवार से प्यार करता है और छोटी-सी, सुकून भरी लाइफ में खुश है। लेकिन इस सीधी-सादी छवि के पीछे एक चौंकाने वाला सच छुपा है, जो कहानी को पूरी तरह अलग मोड़ देता है। शो में नील भट्ट ड्यूल रोल में नज़र आएंगे। एक तरफ़ वे हैं शिवप्रसाद एक प्यार करने वाले पति और जिम्मेदार पिता, जो अपने परिवार के लिए हर वक्त खड़ा रहता है। वहीं दूसरी तरफ़ है परशुराम एक ट्रेंड स्पाई, जिसकी ज़िंदगी घर-गृहस्थी से बिल्कुल अलग, खतरे और सीक्रेसी से भरी हुई है। शिवप्रसाद की सबसे बड़ी चुनौती सिर्फ़ दो ज़िंदगियां जीना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि ये दोनों दुनिया कभी टकराएं नहीं। एक ओर देश के लिए मिशन, दूसरी ओर परिवार की ज़िम्मेदारी और इसी बैलेंस में छुपा है शो का असली सस्पेंस।

### 'द 50' का प्रोमो जारी, आपस में भिड़े प्रतियोगी

**मुंबई।** कलर्स टीवी और जियोहॉटस्टार नया रियलिटी शो 'द 50' ला रहा है जिसका क्रेज लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। शो में 50 मशहूर हस्तियां




हिस्सा ले रही हैं जिनके नाम तो पहले ही आए गए थे। नए प्रोमो में उन्हें 'लॉयन' के घर में प्रवेश करते दिखाया गया। 50 दिन चलने वाले इस शो में प्रतियोगियों को मानसिक और शारीरिक चुनौतियों का सामना करना होगा। प्रोमो में पहले ही दिन सितारों को आपस में झगड़ते देखा गया है। प्रोमो में 'लॉयन' के आलीशान महल को दिखाया गया है जहां सभी 50 प्रतियोगियों को रहते हुए गेम खेलना होगा। यह शो पूरे 50 दिन चलेगा। प्रतियोगी 50 लाख रुपये के लिए खेलेंगे। ट्विस्ट ये है कि प्राइज की रकम सितारों को नहीं, बल्कि किसी एक प्रशंसक को मिलेगी। इस नियम के चलते प्रतियोगी मेकर्स पर चीटिंग का आरोप लगाते हैं। इसके अलावा, प्रोमो में करण पटेल, प्रिंस नरुला और फैसल शेख गेम के दौरान आपस में भिड़ते नजर आए।

## दिलजीत-इम्तियाज की जोड़ी तैयार आ गई फिल्म की रिलीज तारीख

**मुंबई।** निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' ने लोगों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। इसमें दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा मुख्य किरदार में थे। पिछले



साल निर्देशक ने दिलजीत के साथ अपनी दूसरी फिल्म का ऐलान किया था जिसपर बड़ा अपडेट आया है। निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान किया है, जिसने लोगों को उत्साहित कर दिया। हालांकि अभिनेता-निर्देशक की जोड़ी ने इस फिल्म का शीर्षक अभी तय नहीं किया है।

***इस तरीख को रिलीज होगी फिल्म*** : बिना शीर्षक वाली इस फिल्म का निर्माण अप्लॉज एंटरटेनमेंट, विंडो सीट फिल्म्स और इम्तियाज ने मिलकर किया है, जो प्यार और तड़प की एक मनमोहक कहानी होने का दावा करती है। निर्माताओं ने शूटिंग अगस्त, 2025 में शुरू कर दी थी और इसे अप्रैल, 2026 में रिलीज करने की योजना थी, लेकिन अब इसकी रिलीज तारीख में फेर-बदल कर दिया गया है। दिलजीत की फिल्म फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है और 12 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### *दिलजीत के साथ नजर आएंगे ये सितारे*

*पहली बार होगा जब फिल्म में दिलजीत के साथ शरवरी की ऑनस्क्रीन जोड़ी दिखाई देगी। वेदांग रैना और दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह भी इसका हिस्सा होंगे। चर्चा है कि कहानी भारत-पाकिस्तान बंटवारे के दौर पर आधारित होगी लेकिन स्पष्ट आधिकारिक ऐलान के बाद होगा। इसके अलावा फिल्म में इम्तियाज, एआर रहमान और इरशाद कामिल की जादुई तिकड़ी दोबारा काम कर रही है, जो पहले 'रॉकस्टार' और 'तमाशा' जैसी फिल्मों में तहलका मचा चुकी है।*

## अरिजीत सिंह से पहले इन सितारों ने लिया संन्यास, एक तो बनीं साध्वी

*मुंबई। अरिजीत सिंह ने गायिकी से संन्यास लेकर फैंस को तगड़ा झटका दिया है। उनके इस फैसले की कई वजहें मानी जा रही हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा है कि वह निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। इसके अलावा, उनके राजनीति में उतरने की खबरें भी ध्यान खींच रही हैं। खैर, अरिजीत ने सिर्फ गायिकी से संन्यास लिया है, लेकिन कई ऐसे सितारे हैं जिन्होंने समय से पहले अपने फिल्मी करियर से संन्यास ले डाला।*



### 'असिन थोट्टुमकाल' और 'ट्विंकल खन्ना'

'गजनी' और 'रेड्डी' जैसी फिल्मों से लोकप्रियता हासिल करने वालीं अभिनेत्री असिन थोट्टुमकाल ने कम उम्र में अभिनय की दुनिया को अलविदा कह दिया था। साल 2016 में उन्होंने यह फैसला तब लिया, जब उन्होंने व्यवसायी राहुल शर्मा से शादी की थी। अक्षय खन्ना की पत्नी ट्विंकल खन्ना ने 1995 में फिल्म 'बरसात' से डेब्यू किया था। उन्होंने अपने करियर में अधिकतर फ्लॉप फिल्में दी थीं। यही कारण था कि उन्होंने जल्द ही अभिनय से संन्यास ले लिया।

### 'जायरा वसीम' और 'रिमी सेन'

'दंगल' से डेब्यू करने वालीं जायरा वसीम ने महज 18 साल की उम्र में सिनेमा से संन्यास ले लिया था। उन्हें 'सीक्रेट सुपरस्टार' और 'स्काई इज पिंक' जैसी फिल्मों में देखा गया, लेकिन बाद में जायरा ने अपने धर्म के चलते शोबिज से दूरी बना ली। 2000 के दशक की मशहूर अभिनेत्री रिमी सेन भी अभिनय से संन्यास ले चुकी हैं। उन्होंने अपने करियर में बेहतरीन फिल्में कीं लेकिन अब वह दुबई में रहकर रियल एस्टेट एजेंट बन चुकी हैं।

### 'ममता कुलकर्णी' और 'विनोद खन्ना'

90 के दशक की मशहूर अदाकारा ममता कुलकर्णी कई हिट फिल्में देकर अचानक बॉलीवुड से गायब हो गई थीं। कई साल बाद वह साध्वी बनने को लेकर चर्चा में आईं। 2025 के महाकुंभ में उन्होंने पूरी तरह से साध्वी के जीवन को अपना लिया था। दिवंगत अभिनेता विनोद खन्ना भी इस सूची में शामिल हैं। उन्होंने 1982 में करियर के पीक पर बॉलीवुड से संन्यास लेकर फैंस को चौंका दिया था। वह आध्यात्मिक गुरु ओशो के अनुयायी बन गए थे।

### आईएमडीबी पर भी सबसे ज्यादा रेटिंग के साथ दर्शकों और समीक्षकों की बनी पहली पसंद

# 'श्रीमंथुडू' सबसे सफल फिल्म, रेटिंग व कमाई में नंबर वन



*मुंबई। अभिनेत्री और गायिका श्रुति हासन 39 साल की हो गई हैं। कमल हासन की विरासत को अपनी मेहनत और प्रतिभा से आगे बढ़ाने वाली श्रुति ने न केवल दक्षिण भारतीय फिल्मों में, बल्कि बॉलीवुड में भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज हम आपको बताएंगे उनकी उस फिल्म के बारे में, जो न केवल बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही, बल्कि आईएमडीबी पर भी सबसे ज्यादा रेटिंग के साथ दर्शकों और समीक्षकों की पहली पसंद बनी हुई है।*

### 'श्रीमंथुडू' ने दिलाई सबसे बड़ी कामयाबी

श्रुति ने अपने करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन साल 2015 में आई 'श्रीमंथुडू' ने उन्हें लोकप्रियता के शिखर पर पहुँचा दिया।कोरतल्ला शिवा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में श्रुति ने न केवल अपनी खूबसूरती, बल्कि अपने संजीदा अभिनय से भी लोगों को प्रभावित किया। इस फिल्म को आईएमडीबी पर 7.5 रेटिंग मिली है, जो किसी भी कमर्शियल मसाला फिल्म के लिए बहुत प्रभावशाली मानी जाती है। इतनी रेटिंग श्रुति की किसी भी फिल्म को नहीं मिली है।

### 60 करोड़ के बजट में कमाए 200 करोड़

'श्रीमंथुडू' 2015 की सबसे कमाऊ फिल्मों में से एक थी। इसने दुनियाभर में 200 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की थी। उस समय के हिसाब से ये एक अविश्वसनीय आंकड़ा था। जिस दौर में 'बाहुबली: द बिगिनिंग' ने पूरे भारत में तहलका मचा रखा था, उसी साल रिलीज हुई 'श्रीमंथुडू' ने अपना अलग मुकाम बनाया। ये 'बाहुबली' के बाद तेलुगू सिनेमा के इतिहास की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई थी। फिल्म का बजट 60 करोड़ था।



### 'चारुसीला' बनकर छाईं श्रुति

फिल्म में श्रुति द्वारा निभाए गए 'चारुसीला' के किरदार को काफी सराहा गया। समीक्षकों ने महेश बाबू के साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को फिल्म की जान बताया। गांव को गोद लेने और अपनी जड़ों से जुड़ने की इस भावनात्मक एक्शन ड्रामा फिल्म ने दर्शकों के दिलों को छू लिया। इसने श्रुति को वो मुकाम दिया, जहां से उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। फिल्म में उन्होंने एक ऐसी लड़की की भूमिका निभाई, जो स्वतंत्र, शिक्षित और मजबूत विचारों वाली है।

### श्रुति की आने वाली फिल्में

नंदी पुरस्कार से लेकर फिल्मफेयर पुरस्कार तक जीतने वाली इस फिल्म ने श्रुति की फिल्मावली में चार चांद लगा दिए थे। श्रुति की आने वाली फिल्मों की बात करें तो प्रभास के साथ 'सालार' की सफलता के बाद श्रुति अब इसके दूसरे भाग 'सालार: पार्ट 2 - शौर्यांग पर्व' में अपनी भूमिका को आगे बढ़ाएंगी। उनके पास थ्रिलर फिल्म 'ट्रेन' भी है, जिसमें उनके साथ अभिनेता विजय सेतुपति नजर आएंगे। इस फिल्म की कहानी ट्रेन यात्रा के इर्द-गिर्द घूमती है।

### खतरनाक तिराहों-मोड़ों की हाईटेक जांच, तुरंत सुधार के आदेश

# एनएच 43 पर मौत के ब्लैक स्पॉट की ड्रोन से घेराबंदी





जशपुरनगर। लगातार हो रहे सड़क हादसों को रोकने के लिए अब हाईवे पर टेक्नोलॉजी की नजर तैनात कर दी गई है। जिले से गुजरने वाले एनएच-43 के चिन्हित दुर्घटनाजन्य ब्लैक स्पॉट का ड्रोन कैमरों से हाईटेक तकनीकी निरीक्षण कराया गया। ऊंचाई से किए गए सर्वे में खतरनाक तिराहों, अंधे मोड़ों, पुलिया और भीड़भाड़ वाले हिस्सों की वास्तविक स्थिति सामने आई, जिसके बाद मौके पर ही तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए गए।

पहल का मकसद साफ है—दुर्घटना से पहले खतरे को पहचानो और वहीं रोक दो। यह विशेष अभियान जशपुर पुलिस द्वारा डीआईजी एवं एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन में चलाया गया। ड्रोन सर्वे के जरिए सड़क की संरचना, विजिबिलिटी एंगल, ट्रैफिक फ्लो, संकेतक बोर्ड, किनारे के अवरोध, झाड़ियां और दुर्घटना के संभावित कारणों का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया।

### समयसीमा तय, दोबारा होगी समीक्षा

पुलिस ने निर्माण एजेंसियों और यातायात अमले को समयबद्ध सुधार का अल्टीमेटम दिया है। ड्रोन आधारित यह मॉडल अब जिले में सड़क सुरक्षा ऑडिट का नया टूल बनेगा, जिससे ब्लैक स्पॉट पर पहले से सुधार कर हादसों की संख्या घटाने की रणनीति पर काम होगा।

### इन जगहों पर मिला सबसे ज्यादा जोखिम

ड्रोन निरीक्षण में गिरांग तिराहा, होलीक्रास स्कूल घोलेंग के सामने, पोरतेंगा तिराहा, पॉलिटेक्निक कॉलेज मार्ग, झरगांव पुलिया क्षेत्र और भलमंडा चौक को अत्यधिक संवेदनशील पाया गया। कई स्थानों पर दृश्यता बाधित करने वाले अवैध होल्डिंग, बेतरतीब साइन बोर्ड, सड़क किनारे झुरमुट और असुरक्षित मोड़ चिन्हित हुए।

### तुरंत दिए गए एक्शन आदेश

निरीक्षण के बाद गिरांग तिराहा में जंक्शन आइलैंड की सफाई, डोड़काचौरा रोड के अवैध होल्डिंग हटाने, रांची रोड पर बड़े साइन बोर्ड और अवरोध हटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही रंबलर स्ट्रिप लगाने, चेतावनी व टर्निंग संकेतक बढ़ाने और भारी वाहनों से जुड़े बोर्ड का स्थान बदलने को कहा गया।

### स्कूल जोन में विशेष सुरक्षा के तहत चेतावनी बोर्ड

स्कूल जोन में विशेष सुरक्षा के तहत चेतावनी बोर्ड, रंबलर स्ट्रिप और पेड़ों की छंटाई कराने के निर्देश जारी हुए। पोरतेंगा तिराहा की गुमटी हटेगी, पुलिया व मोड़ के पास झुरमुट साफ होंगे और भलमंडा क्षेत्र में डालियों की कटाई होगी। जामटोली-भलमंडा मार्ग पर सड़क ढलाई का प्रस्ताव भी संबंधित एजेंसियों को भेजा गया है।

## सन्ना रोड पर अधूरी नाली बनी रहवासियों के लिए मुसीबत



जशपुरनगर। जशपुर के सन्ना रोड पर स्थित पेट्रोल पंप के सामने अधूरी नाली निर्माण अब स्थानीय लोगों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन गया है। यहां बीते करीब पांच महीनों से गंदा पानी जमा है, जिससे क्षेत्र में तेज बदबू, सड़न और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। हालात ऐसे हैं कि स्थानीय नागरिकों में बीमारियों के फैलने का डर बना हुआ है।

- गंदे पानी किन बदबू से परेशान रहवासी मिल रहा बीमारियों को न्यौता

स्थानीय निवासी राहुल ताम्रकार ने बताया कि वे सन्ना रोड क्षेत्र के रहने वाले हैं। नगर पालिका द्वारा पेट्रोल पंप के सामने नाली अधूरी छोड़ दी गई, जिसके चलते आसपास के घरों का गंदा पानी मुख्य सड़क पर आकर जमा हो रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क पर जमा पानी की बदबू असहनीय हो चुकी है, मच्छर पैदा हो रहे हैं और लोग स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हैं।

### अधूरा नली निर्माण बना परेशानी का सबब

स्थानीय लोगों के अनुसार, नगर पालिका ने पेट्रोल पंप तक नाली का निर्माण किया गया, लेकिन आगे का हिस्सा अधूरा रहने से पूरे क्षेत्र का पानी पेट्रोल पंप के सामने आकर रुक गया है। इससे न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है, बल्कि आसपास के दुकानदार और राहगीर भी परेशान हैं।

### आगे निर्माण कार्य होगा

इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय ने बताया कि नाली निर्माण की स्वीकृति फिलहाल केवल पेट्रोल पंप तक ही थी, इसी कारण वहां तक ही निर्माण किया गया। पहले पेट्रोल पंप के बगल से नाली आगे निकलती थी, लेकिन पास के प्लाट संचालक द्वारा उस रास्ते को बंद कर दिए जाने से पानी की निकासी रुक गई है और अब गंदा पानी सीधे सड़क पर फैल रहा है। आगे नाली निर्माण की स्वीकृति शीघ्र प्रदान की जाएगी और स्वीकृति मिलते ही नाली को आगे बढ़ाकर पूर्ण रूप से निर्माण कर समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा।

### पानी निकासी की व्यवस्था

स्थानीय नागरिकों की मांग है कि जब तक स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक अस्थायी निकासी व्यवस्था कर सड़क पर जमा गंदे पानी से राहत दिलाई जाए, ताकि स्वास्थ्य संकट को टाला जा सके और आम जनजीवन सामान्य हो सके।

## खबर संक्षेप

### 11 करोड़ की लागत से ईब नदी पर बनेगा उच्चस्तरीय पुल



जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन के दो वर्षों के भीतर जशपुर जिले के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पिछले दो वर्षों में जिले में 22 उच्चस्तरीय पुलों के निर्माण के लिए कुल 109 करोड़ 09 लाख रुपये तथा 215 छोटे पुल-पुलिया निर्माण के लिए 20 करोड़ 93 लाख रुपये की बड़ी मंजूरी दी है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री के निर्देश पर जशपुर के ठेठेटांगर चोंगरीबहार मार्ग पर ईब नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। जिसका निर्माण लागत 11 करोड़ 27 लाख 03 हजार रुपए है। इन निर्माण कार्यों के पूरा हो जाने से बरसात के दिनों में नदी-नालों के जलस्तर बढ़ने की वजह से संपर्क मार्ग बाधित होने और ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क टूटने की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा। बरसात के मौसम में नदी नालों में तेज बहाव और जलस्तर बढ़ जाने की वजह से गांवों का संपर्क टूट जाता था। पुल-पुलिया के अभाव में आवागमन जोखिम भरा रहता था। इन निर्माण कार्यों के पूरा हो जाने से न केवल जान-माल की सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी नई गति मिलेगी। राहगीरों को भी लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी और कम दूरी के साथ समय की भी बचत होगी। जिले के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने तेजी से हो रहे अधोसंरचना विकास के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों से जशपुर जिले के ग्रामीण अंचलों को मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी और क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा प्राप्त होगी।

### मनोरा, कुनकुरी और फरसाबहार में चला जन जागरूकता कार्यक्रम



जशपुरनगर। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित रजत महोत्सव के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा एक विशेष समारोह मनोरा, कुनकुरी शहर, और फरसाबहार वितरण केंद्रों मे आयोजित जन-जागरूकता एवं सेवा-उन्मुख कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने, ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने तथा राज्य की विद्युत व्यवस्था में किए गए नवाचारों की जानकारी आमजन तक पहुँचाई गई। कार्यक्रम में सौर ऊर्जा, स्मार्ट मीटर, विद्युत सुरक्षा, और उपभोक्ता सेवा सुधार जैसे विषयों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। मनोरा वितरण केंद्र कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शांति भगत ने कहा कि "रजत महोत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों और विकास यात्रा का प्रतीक है। कंपनी राज्य के हर नागरिक तक सस्ती, सुरक्षित और सतत विद्युत सेवा पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।"इस अवसर पर विभागीय अधिकारी विनोद पंडित, लुकमान खान, अलविन टोप्पो, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कंपनी ने रजत महोत्सव के अंतर्गत भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का युवा संगम कल

जशपुरनगर। स्वामी विवेकानंद के जीवन का संदेश युवाओं तक पहुंचाने और संघ के संस्कार घर घर तक पहुंचने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा युवा समागम कार्यक्रम का आयोजन आगामी 1 फरवरी रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर मनोरा में किया जाने वाला है। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा था कि "मुझे यदि 100 चरित्रवान युवा मिल जाएं तो मैं देश का भविष्य बदल सकता हूं । ऐसे चरित्रवान युवा निर्माण करने के लिए ही इस युवा संगम का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम प्रातः 10 से प्रारंभ होकर 4 बजे तक चलेगा जिसमें वाद विवाद, भाषण, खेल , क्विज के माध्यम से युवाओं को समकालीन परिस्थितियों की जानकारी दी जायेगी और समाधान पर भी विचार किया जाएगा। सामूहिकता का भाव तथा मिलकर कार्य करने के संस्कार को सीखने के लिए 16 से से 36 वर्ष के विद्यालय और महाविद्यालय में पढ़ने वाले तथा विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत युवक एवं युवती इस कार्यक्रम में शामिल हो सकेंगे और अपनी क्षमताओं में विकास कर सकेंगे।

## एनएसएस विशेष शिविर में स्वयंसेवकों ने दिया सेवा और समर्पण का संदेश



बिलाईगढ़। शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम बेलटिकरी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम अधिकारी पंकज साहू सहा प्राध्यापक भूगोल के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में सात दिनों तक स्वयंसेवकों ने ग्राम सेवाए स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा सामाजिक दायित्वों से जुड़े विविध रचनात्मक कार्यक्रमों का संचालन कर ग्रामीणों के बीच सेवा और समर्पण का संदेश दिया।

शिविर के प्रथम दिवस उद्घाटन एवं ग्राम सर्वेक्षण कर ग्रामीण समस्याओं की पहचान की गई तथा स्वच्छता अभियान चलाकर विद्यालय परिसर, सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई की गई। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। प्रतिदिन स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता एवं नशामुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई तथा साक्षरता, मतदाता जागरूकता एवं सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जनजागरण कार्यक्रम संपन्न हुए।

बौद्धिक परिचर्चा में स्त्रोत व्यक्ति के रूप में महाविद्यालय के प्राध्यापक गण एवं अतिथियों में सुनीता विक्रम कोशले हिंदी, उमाशंकर भारद्वाज भौतिकी, अन्नू केवरा गणित, रंगनाथ यादव इतिहास, दीपक कुर्रे वनस्पतिशास्त्र, कुसुम प्रधान अंग्रेजी, डॉ सुमन लता राठौर अर्थशास्त्र, डॉ ज्योति शर्मा राजनीति, नरेंद्र राकेश भूगोल, दूजबाई भारद्वाज रसायन, नयना निराला वनस्पतिशास्त्र, कमल किशोर जांगड़े प्राणिशास्त्र, विनोद डडसेना सहा शिक्षक, चिराग साहू सामाजिक कार्यकर्ता, हीराराम कुर्रे व्याख्याता वक्ता रहे। छठवें दिवस सांस्कृतिक संध्या में मनमोहक एवं प्रेरक नृत्य नाटक प्रस्तुतियों के द्वारा ग्रामवासियों के मनोरंजन के साथ साथ सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया गया।

## डीआईजी-एसएसपी ने ली परेड की सलामी





जशपुरनगर। जिले के पुलिस बल की कार्यक्षमता, अनुशासन और व्यवस्थाओं को परखने के लिए रक्षित केंद्र में वार्षिक निरीक्षण के दौरान सख्त और संवेदनशील पुलिसिंग का संदेश दिया गया।

डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ. लाल उमेद सिंह ने गुरुवार को रक्षित केंद्र पहुंचकर परेड की सलामी ली, टर्नआउट का बारीकी से निरीक्षण किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। निरीक्षण परेड में कुल 134 अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। निरीक्षण के बाद उन्होंने वाहन शाखा का भी जायजा लिया। शासकीय वाहनों की अद्यतन स्थिति, रखरखाव और लॉग बुक सहित दस्तावेजों की जांच करते हुए वाहन चालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी वाहन हर समय बेहतर हालत में रहें और रिकॉर्ड अद्यतन रखा जाए। रक्षित केंद्र के सभा कक्ष में पुलिस दरबार आयोजित किया गया, जहां डीआईजी–एसएसपी ने अधिकारियों और कर्मचारियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग का मूल आधार जनता के प्रति संवेदनशीलता है और इसी भावना के साथ काम करते हुए पुलिस को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है।

### साफ सफाई एवं फिजिकल फिटनेस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

उन्होंने थानों, चौकियों, रक्षित केंद्र और कार्यालय परिसरों में उत्कृष्ट साफ-सफाई बनाए रखने, स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, फिटनेस पर ध्यान देने और नशे से दूर रहने पर विशेष जोर दिया। साथ ही वर्तमान जरूरतों को देखते हुए प्रत्येक कर्मचारी को कंप्यूटर संचालन और चारपहिया वाहन ड्राइविंग का ज्ञान अनिवार्य रूप से रखने की बात कही। इसके लिए जल्द ही विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा भी की गई।दरबार के दौरान मौजूद अधिकारियों-कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं और मांगें रखीं, जिनका मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार, एसडीओपी चंद्रशेखर परमा, डीएसपी अजाक भावेश कुमार समरथ, डीएसपी मुख्यालय श्रीमती आशा तिर्की और रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे सहित अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति केंद्र बना जीवन बदलने की राह

जशपुरनगर। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जशपुर जिले में संचालित नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र न केवल नशे की लत से ग्रस्त लोगों को नई दिशा दे रहा है, बल्कि उनके जीवन को सकारात्मक रूप से बदलने का सशक्त माध्यम भी बन रहा है। इसका जीवंत उदाहरण जशपुर नगरीय निकाय निवासी श्री अजय प्रधान (परिवर्तित नाम) हैं, जो आज नशे की लत से पूरी तरह मुक्त होकर आत्मनिर्भर जीवन जी रहे हैं।

26 वर्षीय अजय प्रधान, जो 12वीं तक शिक्षित हैं और मध्यम आय वर्गीय परिवार से आते हैं। कुसंगति के कारण शराब, गांजा, भांग, बीड़ी-सिगरेट, गुटखा एवं तंबाकू जैसे अनेक नशीले पदार्थों की लत में फंस गए थे। नशे की वजह से उनका पारिवारिक और सामाजिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा था। माता-पिता मानसिक रूप से परेशान थे, वहीं परिवार को आर्थिक तंगी और सामाजिक तानों का भी सामना करना पड़ रहा था। इसी दौरान किसी परिचित के माध्यम से परिवार को समाज कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के अधीन स्वैच्छिक संस्था ग्राम विकास समिति द्वारा संचालित नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र, भागलपुर रोड, जशपुर की जानकारी मिली। परिवार ने बिना देरी किए अजय को केंद्र में भर्ती कराया। केंद्र में विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में संचालित नियमित दिनचर्या, परामर्श सत्र, प्रेरक गतिविधियां एवं अनुशासित जीवनशैली ने अजय के भीतर नशा छोड़ने का आत्मविश्वास जगाया। दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर अभ्यास से उन्होंने नशामुक्ति का कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किया। उप संचालक, समाज कल्याण विभाग जशपुर धर्मेंद्र साहू ने बताया कि जशपुर जिले का यह उदाहरण दर्शाता है कि सही मार्गदर्शन, इच्छाशक्ति और परिवार के सहयोग से नशे की लत से मुक्ति संभव है।

## मनरेगा पर हमला गरीबों पर सीधा प्रहार: कविता



बिलाईगढ़। केंद्र की भाजपा सरकार की मनरेगा विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगातार पंचायत जनसंपर्क पदयात्राएँ निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में मंगलवार को बिलाईगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लकेश्वर देवांगन के नेतृत्व में पंचायत जनसंपर्क पदयात्रा आयोजित की गई, जिसमें बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे विशेष रूप से शामिल हुईं।इस दौरान सुतीऊरकुली में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि गांव गरीबों की रोजी रोटी, महिलाओं के आत्मसम्मान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सबसे मजबूत आधारशिला है। उन्होंने केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा मनरेगा का नाम बदलने का प्रयास भाजपा की सोची समझी राजनीतिक चाल है। वोट बैंक की राजनीति के लिए भगवान श्रीराम के नाम का भी दुरुपयोग किया जा रहा है। पदयात्रा ग्राम बांसऊरकुली से प्रारंभ होकर पंडरीपानी होते हुए सुतीऊरकुली पहुँची, जहाँ जनसभा के साथ इसका समापन हुआ। पदयात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएँ, मजदूर, किसान, मनरेगा हितग्राही एवं कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। जगह जगह ग्रामीणों ने पदयात्रा का स्वागत कर अपनी समस्याएँ कांग्रेस नेताओं के समक्ष रखीं।

## रामचंडी मंदिर में नवनिर्मित ज्योति कलश कक्ष, विवाह मंडप की प्रतिष्ठा



सरिया। माघ महीने की शुक्ल पक्ष की एकादशी को जया एकादशी कहते हैं और यह एकादशी विजय, सफलता और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर नगर के रामचंडी मंदिर में नव निर्मित ज्योति कलश कक्ष व विवाह मंडप की प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कोलता समाज के लोग सहित नगर एवं आसपास के श्रद्धालु शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि विधान अनुसार ज्योति कलश कक्ष व विवाह मंडप की पूजा अर्चना के साथ इसकी स्थापना की गई। इस क्षेत्र में रणेश्वर रामचंडी की महिमा अपरंपार मानी जाती है। जहां मन्नत पूरी होने पर या मन्नत के लिए भक्त ज्योति कलश दीए जलवाते हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए। नगर के श्रद्धालु सेवानिवृत्त शिक्षक जीवर्धन प्रधान सपत्नीक इस निर्माण में तन, मन, धन के साथ पूरा कर कक्ष का निर्माण किया और आज इसकी प्रतिष्ठा की गई। इसी तरह यहां विवाह के लिए मंडप की कमी महसूस की जा रही थी। जिसे यहां के महिला समिति ने जन सहयोग से निर्माण किया तथा विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मंदिर दर्शन के दौरान महिला समिति ने ओपी चौधरी से विवाह मंडप निर्माण में सहायता करने की मांग करने पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा चार लाख रुपए की सहायता की और आज इसका भी प्रतिष्ठा किया गया।

## धान बेचने भूख हड़ताल पर बैठना पड़ा किसान को, तब जाकर कटा टोकन



- सरिया तहसील के अमुर्रा गांव के किसान का मामला
- चक्कर लगाते थक चुका था किसान, आखिरी में बैठा भूख हड़ताल पर

सरिया। सरिया में एक किसान को खुद का उगाया हुआ धान बिक्री करने के लिए भूख हड़ताल पर बैठना पड़ा। तब जाकर उसका टोकन कटा। यदि ऐसा नहीं करता तो शायद उसका धान बिक्री होता ही नहीं। यह है पूरा सिस्टम जिससे किसान काफी परेशान है। यह केवल एक मामला नहीं है बल्कि हर दिन ऐसे दर्जनों मामले सामने आ रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में धान और किसान इन दोनों एक गंभीर समस्या बनी हुई है। प्रदेश के सभी ओर किसान और धान के लिए संघर्ष चल रहा है। ऐसी स्थिति में सरिया में भी किसान ने अपने धान बचने के लिए अधिकारियों के चक्कर काटने के बाद थक हार कर भूख हड़ताल पर बैठने का निर्णय लिया। तब जाकर प्रशासन हरकत में आई और गुरुवार सुबह 10 बजे सेवा सहकारी समिति धान खरीदी केंद्र सरिया के सामने किसान भूख हड़ताल पर बैठा। जैसे ही भूख हड़ताल पर किसान की बैठने की सूचना प्रशासन को मिली। तब जाकर प्रशासन हरकत में आई और किसान के धान को खरीदने का निर्णय लिया गया। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के तहसील मुख्यालय सरिया में गुरुवार को सुबह 10 बजे ग्राम अमूर्रा के कृषक हलधर राव जाधव धान बेचने के लिए पहले तो कई बार अधिकारियों के चक्कर काटे, लेकिन कहीं पर भी उनके आवेदन का निराकरण नहीं हुआ तो किसान ने 28 जनवरी को कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ के नाम तहसीलदार सरिया कोमल साहू को अल्टीमेटम दिया और कहा कि 28 जनवरी तक धान खरीदी नहीं हुई तो 29 जनवरी से भूख हड़ताल में बैठने का निर्णय लिया और 29 जनवरी को कृषक हलधर राव जाधव ने धान उपार्जन केंद्र सरिया के सामने भूख हड़ताल पर बैठा। जैसे ही प्रशासन को इसकी जानकारी मिली, उनके धान को खरीदने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी और नोडल अधिकारी को कृषक के घर धान की भौतिक सत्यापन के लिए भेजा गया।

सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी
Fat Injection
Vagina Tightening
(महिलाओं व पुरुष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था संबंधित जटिलताओं का संभव सफलतापूर्वक ईलाज)
• नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
• बांझपन का ईलाज
• मासिक धर्म में दर्द, अनिमियता, मासिक धर्म का रुक जाने का ईलाज एवं सलाह
• गर्भाशय के रोग जैसे बच्चेदानी में गाँठ, सूजन
• संक्रमण, श्वेद प्रदर (सफेद पानी जाना), गर्भाशय का अपने स्थान से हट जाने का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी का कैंसर का ईलाज
• बच्चेदानी एवं अंडेदानी संबंधित सभी बीमारीयों का दूरबीन द्वारा ईलाज
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

सुयश हॉस्पिटल
Care With Confidence
1 दिसंबर से 28 फरवरी तक
निसंतान दंपतियों के लिए
नि:शुल्क परामर्श
प्रथम 15 पंजीयन में IVF/ICSI पैकेज में 20% की छूट
93000 30000
97551 62611
FOLLOW US ON
क्लीनिकल टेस्ट में 20% की छूट
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त